>

Title: Need to remove the disparities in implementation of Mohan Committee Report by Indian Airlines.

श्री संतोष गंगवार : अध्यक्ष महोदय, यहां माननीय नागर विमानन मंत्री जी मौजूद हैं, मैं उनसे आग्रह करना चाहूंगा कि मोहन कमेटी गठित हुई थी और 1-1-97 से पीएसयूस के जो कर्मी हैं, उनके लिए वेतन एवं सुविधाएं देने की बात हुई थी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री में पीएसयू चार आती हैं - फूड आथोरिटी ऑफ इंडिया, पवन हंस, एयर इंडिया लिमिटेड और इंडियन एयरलाइंस लिमिटेड। इन सब को 1-1-97 से ये सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं। यह दुख की बात है कि जो इंडियन एयरलाइंस के कर्मचारी सेवानिवृत हो गए हैं, उन्हें अभी तक ये सुविधाएं मिलनी प्रारम्भ नहीं हुई हैं, जब कि वे आपको निरंतर आग्रह कर चुके हैं और कह भी चुके हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि इस विसंगति को दूर करें और जो कर्मचारी सेवानिवृत हो गए हैं, सिर्फ इंडियन एयरलाइंस के रह गए हैं, वे कई बार अपने ज्ञापन भी दे चुके हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि उनके लिए प्राथमिकता के आधार पर आप निर्णय लें और उपयुक्त फैसला अतिशीघ्र करवाएं। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : I have said that, and I will maintain it – those who disturb me will not get a chance. And you are disturbing me since the last time.